## एक नजर

### घर-घर विराजे गणपति बप्पा



सीमा सन्देश संवाददाता

**दांतारामगढ़।** गणेशोत्सव को लेकर भक्तजनों का उत्साह देखते ही बन रहा है।घरों में पूजा अर्चना के साथ बहुत सी जगहों पर शुक्रवार को गजानन की स्थापना की गई । दस दिनों तक गजानन को लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। वहीं गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर दांता व बाज्यावास सहित अनेक जगहों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। दस दिवसीय गणेश उत्सव मंगलवार 17 सितंबर को मूर्ति के विसर्जन के साथ समाप्त होगा।पंचांग के अनुसार चतुर्थी तिथि चंद्र चरण का चौथा दिन शुक्रवार को दोपहर 3:01 बजे से शुरू हुआ है जो 7 सितंबर को शाम 5:37 बजे समाप्त होगा।

### शारदा स्कूल में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



सीमा सन्देश संवाददाता

**लोसल।** शारदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया ।इस मौके पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष विद्यालय के निदेशक बनवारी लाल कुमावत व प्रधानाचार्य महावीर सिंह शेखावत ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया । छात्र-छात्राओं ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन की कई कहानी बताई। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों ने मुझे पढ़ना लिखना सिखाया ऑडियो नृत्य भी किया अंत में विद्यालय के निदेशक बनवारी लाल कुमावत ने सभी छात्र-छात्राओं को गुरुओं का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### किनसरिया के जन्मदिन पर गायों को लापसी बनाकर खिलाई



सीमा सन्देश संवाददाता

**डेगाना।** परबतसर के पूर्व विधायक ओर भाजपा नेता मानसिंह किनसरिया के 64वें जन्मदिन पर भाजपा के नेता हुकमाराम बाजिया ने डेगाना के ग्राम कितलसर की श्रीपन्ना गुरू गौशाला की गायों को गुड ओर बाजरी की लापसी बनाकर खिलाई। तथा अपने नेता किनसरियां के दिघार्यू होने की कामना की। इस अवसर पर युवा नेता हुकमाराम बाजिया, कैलाश बाजिया, पूर्व सरपंच सांवताराम चोपडा, गौशाला अध्यक्ष राजाराम दायमा, कौषाध्यक्ष सत्यनारायण खटोड, छोटूसिंह किरड, रामनिवास चैपडा, सुरेन्द्र सिंह राठौड, दुगार्राम खटकड, सुखाराम बागडी, शेरूराम, राजू पूनिया ओर लालाराम गुर्जर सहित ग्रामीण जन मोजूद रहै ओर गायों को लापसी की पुरस्कारी की।

### अयोध्या के लिए रवाना हुआ श्रदालुओं का जत्था



सीमा सन्देश संवाददाता

**डेगाना।** श्रीआदि गौड़ ब्राह्मण यात्रा सेवा संघ अजमेर द्वारा आयोजित अयोध्या धाम यात्रा के तत्वाधान में अयोध्या जाने वाले जत्थे का गुरूवार को डेगाना जंक्शन में यात्रियों का विप्र समाज ओर आदि गौड ब्राहमण समाज द्वारा जोरदार स्वागत कर उन्हे ट्रेन से रवाना किया। ओर इस पवित्र ओर पूनीत कार्य के लिए जाने वालों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर शास्त्री अनिल कुमार इंदौरिया, शिवप्रसाद पारीक, विष्णु पारीक, कृष्ण कुमार पारीक, नरेश पारीक, कैलाश जोशी, कनिष्क गौड़ एवं समस्त ब्राह्मण बंधुओं के साथ सुनील तोषनीवाल, हरि सोनी,प्रदीप बजाज, ओमप्रकाश प्रजापत, गणपत प्रजापत, सत्यनारायण वैष्णव एवं समस्त श्रीराम भक्तों ने सेवा के पुण्य कार्य मे अपना अमूल्य समय और सहयोग दिया।

### पूर्व विधायक का जन्मदिन मनाया

सीमा सन्देश संवाददाता

**डेगाना।** गुरूवार को हरसौर कस्बे सहित आसपास के गांवों में पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया के जन्मदिन पर सेवा कार्यों का आयोजन हुआ। ग्राम मोड़ी खुर्द में समाजसेवी नरेन्द्र सिंह राठौड़ की अगुवाई में कार्यकताओं तथा समर्थकों ने पौधरोपण कर मूक पशुओं को गुड़ खिलाया। ग्राम बनवाड़ा में घनश्याम सिंह बनवाड़ा के निर्देशन में कार्यकताओं ने पौधे एवं फलो का वितरण किया। इसके बाद समर्थकों ने किनसरिया पहुंचकर पूर्व विधायक को जन्मदिन की बधाइयां दी।

## बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना के बारे में किया जागरूक

# प्रत्येक बालक को विधिक सहायता का अधिकारः सिंह




सीमा सन्देश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेड़ता के निदेर्शानुसार ताल्लुका विधिक सेवा समिति कुचामन के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुन्दर लाल खारोल.के आदेशानुसार पैनल अधिवक्ता विनोद सिंह राठौड़ एवं पैरालिगल वॉलियन्टर मनीष शर्मा ने कुचामन शहर में संचालित कोचिंग संस्था एज्यूकेषन हब में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाऐं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाऐं योजना के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा कि प्रत्येक बालक को विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकारी है। जिसके अन्तर्गत उसे अच्छी षिक्षा, पोषण युक्त भोजन, कपड़े एवं अवसर की समानता प्राप्त करने का अधिकारी है। विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे पिछड़े समाज व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सैदव कार्य रहा है। राज्य सरकार द्वारा भी छः से चैदह साल तक की उम्र के बालकों से किसी प्रकार कार्य करवाना गैर-कानूनी माना गया है साथ ही इस उम्र के बालकों को षिक्षा लेना अनिवार्य किया गया है। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भी बालश्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह जैसी संज्ञेय अपराध को रोकने के लिए सख्त कार्यवाही की जाती है। इसी क्रम में में पैरालिगल वॉलियन्टर मनीष कुमार शर्मा ने वर्ष 2024 की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताते हुये कहा कि हमारे समाज में आजकल छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद उत्पन्न हो रहा है, उक्त विवाद न्यायालयों तक पहुंच रहा है जो केवल अपने अभिमान के कारण है। ऐसे प्रकरणों के निस्तारण के लिए लोक अदालत सर्वोत्तम प्लेटफॉर्म है जहां पर दोनों पक्षों को पुनः सुलह करवा कर के आपसी प्रेम जागृत करके प्रकरण का सैदव के लिए निस्तारण किया जाता है। पैनल अधिवक्ता विनोद सिंह ने विद्यार्थियों को धूम्रपान नहीं करने की शपथ दिलवायी।

# शिक्षक संघ ने किया 'शिक्षक पंचायत' का आयोजन




सीमा सन्देश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) जिला कमेटी डीडवाना-कुचामन ने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत आज स्थानीय बालचर भवन में जिलाध्यक्ष विजय डूकिया की अध्यक्षता में शिक्षक पंचायत का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक नेताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य में ओपीएस के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ की गई तो तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

जिला मंत्री मोहम्मद शकील ने बताया कि आज शिक्षक पंचायत में शिक्षा में बढते गैर शैक्षणिक कार्यों का विरोध करने , स्थानांतरण और पदौन्नति की मांग को लेकर भी संघर्ष करने की रुपरेखा बनाई ।

प्रदेश उपाध्यक्ष रामस्वरूप चौधरी और पवन शर्मा ने बताया कि ओपीएस, शिक्षक स्थानांतरण, पदोन्नति व एनईपी 2020 को लेकर प्रदेश कमेटी ने संघर्ष का ऐलान कर दिया है इसी के तहत 26 सितंबर को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय हुआ है। इसी प्रकार 22 सितंबर को जयपुर में कार्यशाला और 18 को बीकानेर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन योजना में एनपीएस के साथ वढर का जो विकल्प दिया है शिक्षक संघ इसें सिरे सें खारिज करता है। नई शिक्षा नीति की कुछ धाराओं का विरोध किया गया ।इस अवसर पर 2022 में नियुक्त शिक्षकों को स्थाई करने की भी मांग की गई। इस अवसर पर सदस्यता बढाने पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर पेमाराम ढाका डीडवाना, अब्दुल रउफ, राजु गावड्यिा, रामेश्वर राम, सहदेव मंडा, नानुराम गोदारा लाड्नूं, रामदेव गुलेरिया मोलासर, भागीरथ महला कुचामन, पंकज चौधरी मकराना ,अर्जुन बागडी, राजेन्द्रमीणा, ओम प्रकाश शर्मा, विनोद गौड, भीष्म नारायण, मनवर चावडा परबतसर, ओमप्रकाश ढाका नावां, राजेश खिलेरी, भींवाराम भाकर, शिवदान थोरी, श्यामाराम मेघवाल, संतोष मंडा, मंगनीराम, राज कुमार पारीक, रुधाराम, सम्पत स्वामी, अनिल माथुर, श्रवणखोखर, रामदेव बिजारनियां, टोडाराम कुचामन, भगवती प्रसाद, विजय सैन, शहजाद खान, भवानी प्रसाद, आदि उपस्थित रहे।

## श्रवणपुरा में शिव मंदिर व बालाजी की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा व हवन का आयोजन



सीमा सन्देश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कुचामन के निकटवर्ती ग्राम पंचायत उगरपुरा के राजस्व ग्राम रूलानियो की ढाणी श्रवणपुरा में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों के अंतिम दिवस शुक्रवार को शिव मंदिर व बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व हवन में 20 जोड़ो ने आहुति दी।

तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन में रात्रि को भजन संध्या का आयोजन था व शुक्रवार को दिन में प्रसादी का आयोजन रखा गया जिसमें ढाणी के सभी पुरुष-महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पंडितों के मंत्र उपचार से कार्यक्रम को संपूर्ण किया गया ।कार्यक्रम के दौरान नावाँ तहसील के जाट महासभा अध्यक्ष व स्थानीय निवासी समाजसेवी मुनीम पूसाराम थोरी, नानुराम रुलानिया, पुसाराम रुलानिया, मोहनराम, खांगाराम डूकिया, झूताराम, चोखाराम, भोमाराम, भंवराराम, दानाराम, दुलाराम, प्रकाश खोखर, लक्ष्मण बुगालिया, एडवोकेट श्यामसुंदर चौधरी, रामनिवास पोषक, दिनेश कड़वा, भागूराम कुमावत, केशाराम कुमावत, मानाराम, ज्ञानाराम रुलानिया, सोहनलाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। आये हुए सभी श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज व शिव मंदिर में धोक लगाई।

## पैन्शनर्स समाज की बैठक आयोजित विभिन्न प्रस्ताव किए पास



सीमा सन्देश संवाददाता

**डेगाना।** शहर मे पैन्शनर्स सभागार मे गुरुवार को पैन्शनर्स समाज की मासिक बैठक अध्यक्ष श्रीपाल सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सचिव श्रवण आचार्य ने बताया कि मासिक बैंठक में पेन्शनर्स से संबंधित समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे कालु मोहम्मद सेवानिवृत नायब तहसीलदार ने प्रस्ताव रखा कि राज्य सरकार ने जून 23 से सेवा निवृत्त हो रहे है राज्य सरकार ने एक नेशनल वार्षिक वेतन वृद्धि की स्वीकृत दी गई है। जबकि 11 अप्रेल 23 से पूर्व सेवानिवृत कार्मिक को भी एक नेशनल वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ लेने के लिए व्यक्तिगत रुप से उच्च न्यायालय में जाना पड़ता है यदि राज्य सरकार के उक्त नीतिगत निर्णय को एक आदेश द्वारा लागु कराने की सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर हाजी मजीद खान खोखर, हाजी कालु मोहम्मद छीपा, मोहन सिहं, सुरेन्द्र सिहं, रोशन खान, भंवरू खान, रामाकिशन टेलर, डालुराम डूडी, भंवरलाल सोनी, नाहर सिहं कारेल, नारायण राम धुण, भंवरलाल, भैरुराम सारण, राम सिंह, प्रेमाराम, पन्नाराम सहित अन्य पैन्शनर्स मौजूद रहै।

## राजकीय जिला चिकित्सालय में भामाशाह ने भेंट किया आरओ वाटर कूलर

सीमा सन्देश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** राजकीय जिला चिकित्सालय कुचामन सिटी में भामाशाह चेनाराम कस्वा पुत्र बलदेवाराम निवासी हरिपुरा ने मरीजों के लिए वाटर कूलर आर ओ सहित भेंट किया। इस अवसर पर भामाशाह चेनाराम कस्वा पुत्र बलदेवाराम जाट निवासी हरिपुरा का प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गुप्ता ने माला एवं प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीएस ढाका डॉ राजेंद्र खींचड़, डॉ सत्यनारायण कुम्हार, डॉ हरीश कुमार ढाका, नर्सिंग अधीक्षक राधेश्याम कंसोटिया, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी भगवान सहाय रामनिवास रनवा गोपाल मूड अनिल मुवाल आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस पर आस्था स्कूल व कॉलेज में शिक्षक बन खिले विद्यार्थियों के चेहरे



सीमा सन्देश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शहर के बूडसु रोड स्थित आस्था पब्लिक स्कूल व कॉलेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थी शिक्षकों की भूमिका निभाकर शिक्षण कार्य करवाया` संस्था निदेशक दयाल शेषमा ने बताया कि शिक्षक दिवस के लिए संस्था के विद्यार्थी इस शुभ अवसर पर शिक्षकों की भूमिका निभाकर अपने आप को प्रफुल्लित महसूस कर रहे थे तथा अपने अपने शिक्षक की भूमिका को बखूबी से निभाया।

विद्यार्थियों ने संस्था के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया तथा उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रण लिया। संस्था चेयरमैन भूराराम शेषमा ने देश के प्रथम उपराष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने व उनकी जीवनी पर अपने विचार रखे तथा विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक के महत्व को बताया।

इस अवसर पर संस्था सहनिदेशक गणेश शेषमा, प्रधानाचार्य सी एम पंवार, सचिव रोहित चौधरी, मनोहर शेषमा, नीरू शेखावत, मनीष सैनी, कमल कुमार, सरिता चौधरी, सोहन लाल गावडिया, अपराजिता पारीक, पूजा सोनी, सुरेश कुमावत, प्रिया जांगिड, संजना राठौड़, प्रवीण शर्मा, सुनीता कुमावत, मोना राठौड़, नवीन शर्मा, नरेन्द्र कुमार, मेनका जैन, सुमन चौधरी, पिंकी कुमावत, रेनू शर्मा, पूजा राठौड़, आरती स्वामी, पूजा शेखावत, अंजू कुमावत, पायल रानी सहित स्कूल व कॉलेज के सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे ।

## शेखावाटी स्कूल में आयोजित हुआ गुरू वंदन कार्यक्रम

# शिक्षक दिवस पर करीब 300 शिक्षक व शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान




सीमा सन्देश संवाददाता

**लोसल।** कस्बे के शेखावाटी एजुकेशन ग्रुप की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन बीएल रणवां के निजी सचिव भरत शर्मा ने बताया कि रामानंद आश्रम परमानंद धाम के पीठाधीश्वर आकाशानंद गिरि महाराज के सानिध्य में गुरुओं का माला पहनाकर व सम्मान पत्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर राजस्थान के देसी कलाकार हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी ने भी देसी अंदाज में एक से बढ़कर एक हास्य रचनाओं का व्याख्यान किया, जिस पर मौजूद लोगों ने खूब ठहाके लगाए। कार्यक्रम में लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पधारे स्थानीय इलेक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया के बन्धुओं का भी माला, साफा, शॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के ही पूर्व विद्यार्थी रहे और वर्तमान में लेखक के रूप में पहचान बनाने वाले मुकेश रणवां की लिखी गई पुस्तक अनलिमिटेड जिंदगी का भी विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसके अस्पताल अधीक्षक तथा मानवता हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर महेंद्र खीचड़, विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी और मोटिवेशनल वक्ता के रूप में ओंकार मूंड ने शिक्षक के महत्व और जीवन में आगे बढ़ाने के बारे में बताया। एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व निजी शिक्षण संस्थान संघ के जिलाध्यक्ष बीएल रणवां ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक के द्वारा व्यक्ति के भविष्य को बनाया जाता है एवं शिक्षक ही समाज में सुधार लाने वाला सक्षम व्यक्ति होता है। शिक्षक का स्थान भगवान से भी ऊँचा माना गया है, क्योंकि शिक्षक ही सच्चा मार्गदर्शक होता है।

pnb Housing Finance Limited

पंजी. कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

**जोधपुर शाखा:-** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्लॉट-17, तीसरा तल, के.पी. टावर, अपर चोपासनी रोड, बॉम्बे मोटर सर्किल के पास, बलदेव नगर, जोधपुर राजस्थान-34200. **जयपुर शाखा:-** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एसबी-59, यूडीबी टावर्स, प्रथम तल, जयपुर नगर निगम के सामने, टोंक रोड, जयपुर-302015.

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002, अद्यतन संशोधित, के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अध्याय ||| की धारा 13(2) के अधीन सूचना**

हम, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (इसमें आगे "पीएनबीएचएफएल" के रूप में वर्णित) ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" के रूप में वर्णित) के अध्याय ||| की धारा 13(2) अधीन मांग सूचना जारी की थी। उक्त मांग सूचना हमारे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित आप सब कर्जदारों/सह-कर्जदार/गारंटरों को जारी की गई थी, क्योंकि आपका खाता, किश्तों/ब्याज का भुगतान नहीं किए जाने के कारण, भारतीय रिजर्व बैंक/राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनार्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उसकी विषयवस्तु आपके द्वारा मूलधन की किश्तों, ब्याज इत्यादि के भुगतान में की गई चूकों के साथ संबंधित है। बकाया राशि नीचे दी गई है। आगे, हमें कारणों के आधार पर विश्वास है कि आप मांग सूचना प्राप्ति करने से बच रहे हैं और इसीलिए यह मांग सूचना प्रकाशित की जा रही है, जैसाकि उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन अपेक्षित भी है। एतदद्वारा आपसे उक्त राशि, अद्यतन ब्याज तथा अन्य राशियों सहित, जो भुगतान की तिथि तक देय हो सकती है, इस मांग सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के भीतर पीएनबीएचएफएल को अदा करने की मांग की जाती है। जिसमें विफल रहने पर पीएनबीएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अधीन, किसी एक या अधिक या सभी प्रत्याभुत आस्तियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिसमें कर्जदारों तथा गारंटरों की प्रत्याभुत आस्तियों का कब्जा प्राप्त किया जाना शामिल है। आपका ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, जिसके तहत अधीन आप सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही कर सकते हैं। कृपया यह भी नोट करें कि यदि सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक नहीं किया जाता है, तो आप उसके पश्चात प्रत्याभूत आस्ति(यों) छुड़ाने के हकदार नहीं होंगे। आगे, आप के ऊपर, उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अधीन उपरोक्त प्रत्याभूत आस्तियों का बिक्री, पट्टा या किसी अन्य प्रकार से अंतरण करने के संबंध में, रोक लगी है।

| क्र. स. | ऋण खाता सं. | कर्जदार, सह-कर्जदार का नाम / पता | ग्रंटर का नाम और पता | बंधक सम्पत्ति | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NHL/JDH/1219/763659, बी.ओ. जोधपुर | रविन्द्र कुमार चावला और अंजू रविन्द्र कुमार पीडब्ल्यूडी के पीछे, मूगड़ा रोड, बाड़मेर, राजस्थान-344022 और मेसर्स सोनू स्टूडियो, पुराना बस स्टैंड, प्रथम रेलवे क्रॉसिंग बाड़मेर, राजस्थान-344022, भारत। | NA | संपत्ति खं. सं. 609, वार्ड सं. 33, मूंगडा रोड, जोन डी, बालोतरा, राजस्थान-344022 | 14.08.2024 | रु. 28,28,913 71/- (रुपये अट्ठाईस लाख अट्ठाईस हजार नौ सौ तेरह और इकहत्तर पैसे मात्र) |
| 2. | HOU/JPR/0223/1086671 & HOU/JPR/0223/1084045, बी.ओ. जयपुर | प्रिया गुप्ता और अंकित कुमार गुप्ता 47, करणी कॉलोनी, विजय बारी पथ नंबर 7, सीकर रोड, ढेर के बालाजी, जयपुर राजस्थान-302039 और 3ए गणेश नगर सी एनआर तंवर मैरिज गार्डन, नदी का फाटक, जयपुर, राजस्थान-302039 और रावी इंटरनेशनल, पी नंबर 13, जी8 बी8 अग्रसेन टॉवर, सेंट्रल स्पाइन विद्याधर नगर, जयपुर राजस्थान - 302039, भारत। | NA | फ्लैट नंबर 403, तीसरी मंजिल, यश अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर टी56, टी57, टी58 ब्लॉक टी, नारायण विहार, श्रृंगारपुरा, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302029, भारत, और फ्लैट नंबर 404, तीसरी मंजिल, यश अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर टी56,टी57,टी58 ब्लॉक टी, नारायण विहार, श्रृंगारपुरा, सांगानेर, जयपुर, जयपुर, राजस्थान-, भारत, 302029 | 08.08.2024 | रु. 56,24,134/- (रुपये छप्पन लाख चौबीस हजार एक सौ चौंतीस मात्र) |
| 3. | HOU/JPR/0623/1126409 &HOU/JPR/0623/1129325, बी.ओ. जयपुर | तन्नू मिश्रा और संजीव कुमार मिश्रा 56 ए दुर्गा कॉलोनी विस्तार, हसनपुरा, जयपुर राजस्थान-302006 और श्री अक्ष इंटरप्राइजेज, पी नंबर 32ए कल्याण नगर हसनपुरा, जयपुर-302006 और पृथ्वी पंप्स, 162, सीता राम, पुरी न्यू बाय पास रोड नंबर-5, मुरलीपुरा जयपुर, राजस्थान-302006 | NA | फ्लैट नंबर 305, दूसरी मंजिल, यश अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर टी56, टी57, टी58 ब्लॉक टी, नारायण विहार, श्रृंगारपुरा, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, भारत, 302029 और फ्लैट नंबर 306, दूसरी मंजिल, यश अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर टी56 ,टी57,टी58 ब्लॉक टी, नारायण विहार, श्रृंगारपुरा, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302029, भारत। | 14.08.2024 | रु. 55,80,588.44/- (रुपये पचपन लाख अस्सी हजार पांच सौ अट्ठासी और चौवालीस पैसे मात्र) |
| 4. | HOU/JPR/0317/368133, बी.ओ. राजस्थान | अंकुर गुप्ता और रेखा गुप्ता 22- केए-3, ज्योति नगर, लाल कोठी, राजस्थान-302005 और 38-डी/7, सरस्वती विहार, सराय, मलूकचंद, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 | NA | फ्लैट नंबर जी-2, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 90, विनायक एन्क्लेव गांव श्री किशनपुरा तहसील सांगानेर जयपुर, राजस्थान-302029 | 14.08.2024 | रु.18,57,444.43/- (रुपये अठारह लाख सत्तावन हजार चार सौ चौवालीस और तैंतालीस पैसे मात्र) |
| 5. | HOU/JDH/0417/376268, बी.ओ. राजस्थान | राम किशोर व्यास और सूर्य प्रकाश व्यास डी-316, सरस्वती नगर, बासनी, राजस्थान-342001 और डाकघर, बोरुंदा, राजस्थान-342604 और ई-4, मिया, बासनी फेज-2 सामने एम्स, राजस्थान- 342005 | NA | लॉट नंबर 249, भाग बी और सी, खसरा नंबर 127, कुड़ी भगतासनी, जनता कॉलोनी, जोधपुर, राजस्थान-342001 | 14.08.2024 | रु. 23,93,950.27/- (रुपये तेईस लाख तिरानबे हजार नौ सौ पचास और सत्ताईस पैसे मात्र) |

स्थान : राजस्थान, दिनांकित : 07-09-2024

प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड